सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2022–2024
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

आनंद रामायण
YouTube Channel
@Shram Shikhar
@Sadbhavna Waves
WATCH SHARE & SUBSCRIBE
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज
लाईव/ रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।
M. 9219660359

श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 | अंक 39 | 23 सितम्बर सोमवार से 29 सितम्बर रविवार 2024 तक | पृष्ठ 04 | मूल्य 8रू/-

## शासन-प्रशासन जानकारियां

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो की निर्वाचक नामावली

### बैठक समस्त मतदान केन्द्रो का कर लिया जाये सत्यापन



आज विकास भवन सभागार में मा० मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र० लखनऊ नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो की निर्वाचक नामावलियो के विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण की विभिन्न गतिविधियो के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मा० मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा हाउस-टू-हाउस वेरिफिकेशन, फार्म निस्तारण, डीएसई डिटेल तथा एपिक डिलीवरी स्टेटस की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि समस्त मतदान केन्द्रो का सत्यापन कर लिया जाये।

उन्होने हाउस-टू-हाउस वेरिफिकेशन की समीक्षा करते हुये कहा कि समस्त कार्य गुणवत्तापूर्ण हो यह सुनिश्चित कर लिया जाये। सभी अधिकारी कार्यो को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें। उन्होने एआरओ को निर्देशित करते हुये कहा कि एपिक डिलीवरी का कार्य बीएलओ के माध्यम से करवाकर रिपोर्ट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, समस्त सहायक निर्वाचन अधिकारीध्एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। – श्रम शिखर ब्यूरो

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मवाना में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस आमजन की शिकायतों का समयब) व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी-जिलाधिकारी

तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 177 शिकायतीध्प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 18 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये।

तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि आमजन की शिकायतो को जानने के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस एक बेहतर प्लेटफार्म है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 177 शिकायतीध्प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 18 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। – श्रम शिखर ब्यूरो

## जनप्रतिनिधियो व अधिकारियो ने चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2024 का हरी झंडी

### दिखाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की पोषण जागरूकता रैली रवाना कर किया पोषण माह का शुभारम्भ

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2024 का मा० सांसद श्री अरुण गोविल, मा० जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरव चौधरी, मण्डलायुक्त, मेरठ मण्डल मेरठ सेल्वा कुमारी जे०, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की पोषण जागरूकता रैली रवाना कर पोषण माह का शुभारम्भ किया गया।

इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का मुख्य फोकस पोषण से सम्बन्धित सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन, संचार सामुदायिक, सहभागिता एवं जन जागरूकता लाने हेतु प्रचार-प्रसार कर जन मानस मे पोषण स्तर में सुधार लाना है। प्रत्येक वर्ष की तरह 30 सितम्बर 2024 तक "राष्ट्रीय पोषण माह" मनाया जायेगा जिसमें पोषण कलैण्डर के अनुसार प्रतिदिन पोषण की गतिविधि आयोजित की जायेगी। पोषण माह की मुख्य थीम एनीमिया (टेस्ट, ट्रीट, टॉक), वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढाई भी (पी०बी०पी०बी०), बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी है।

– श्रम शिखर ब्यूरो

R.R. ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
सभी समाचार पत्रों में विज्ञापन बुक कराने हेतू
- दैनिक जागरण
- अमर उजाला
- दैनिक जनवाणी
- टाइम्स् ऑफ इण्डिया
- दैनिक जागरण (i-Next)

क्लीसीफाइड एड फोन पर घर बैठे बुक करायें
- नोटिस
- बेदखल
- खोया-पाया
- शोक-संदेश
- आवश्यकता
- नाम-परिवर्तन
- खरीदना-बेचना

For More Information
0121-2641338, 9690331338
Website- www.rradvertisingmeerut.com
E-mail - rradvertisingmeerut@gmail.com
SHRI KRISHAN BHAWAN, 283, WESTERN KUTCHERY ROAD, MEERUT- 250001

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




## ढोंगी और पाखंडी साधुओं के संबंध में एक प्रश्न के जवाब में ओशो कहते हैं

'धर्म के नाम पर तुम्हारा शोषण करने वाले इन मुर्दों से छुटकारा कब पाओगे इन लाशों को कब तक ढौओगे?'
दूसरा प्रश्न: साधुकृसंतों को देखकर ही मुझे चिढ़ होती है और क्रोध भी आता है। मैं तो उनमें सिवाय पाखंड के और कुछ भी नहीं देखता हूं। पर आपने न मालूम क्या कर दिया है कि श्रद्धा उमड़ती है! आपके प्रभाव का रहस्य क्या है? सतीश!
बात सीधीकृसादी है: 'मैं कोई साधुकृसंत नहीं हूं।' और ठीक ही है कि साधुकृसंतों पर तुम्हें चिढ़ होती है। चिढ़ होनी चाहिए अब। हजारों साल हो गए! इन मुर्दों से कब छुटकारा पाओगे? इन लाशों को कब तक ढोओगे? अगर तुम में थोड़ी भी बुद्धि है, तो चिढ़ होगी ही। तोतों की तरह यह तुम्हारे तथाकथित साधुकृसंत दोहराए जा रहे हैंकृ रामायण की कथा, उपनिषद,वेद, सत्यनारायण की कथा। न इनके जीवन में सत्य का कोई पता है न नारायण का कोई पता है। न इनके जीवन में राम की कोई झलक है, न कृष्ण का कोई रस बहता है। न तो बांसुरी बजती है इनके जीवन में कृष्ण की, न मीरा के घुंघरुओं की आवाज है। इनके जीवन में कोई उत्सव नहीं है, कोई फाग नहीं है, कोई दीवाली नहीं है। इनके जीवन में कुछ भी नहीं है।
इन्होंने तो सिर्फ धर्म के नाम पर तुम्हारा शोषण करने की एक कला सीख ली है। ये पारंगत हो गए हैं। और ये उन बातों को उपयोग करते हैं, जिन बातों से सहज ही तुम्हारा शोषण हो सकता है।
भिखमंगे भी इस देश में ज्ञान की बातें कहते हैं, मगर उसका प्रयोजन कुछ ज्ञान से नहीं है। 'भिखमंगे भी कहते हैं कि दान से बड़ा पुण्य नहीं है।' कोई न उन्हें पुण्य से मतलब है, न दान से मतलब है। मतलब तुम्हारी जेब से है।
'वे तुम्हारे अहंकार को फुसला रहे हैं कि दान से बड़ा पुण्य नहीं है, कहां जा रहे हो, दान करो! और लोभ को पाप का बाप बताते हैं। वह तुमसे कह रहे हैं कि लोभ पाप का बाप है, बचो इससे!' दे दो, हम तुम्हें हलका किए देते हैं। और मांग रहे हैं। भिखमंगे हैं। और 'मांगना लोभ से हो रहा है, लेकिन शिक्षा वे अलोभ की दे रहे हैं!'
'तुम्हारे भिखमंगों में और तुम्हारे साधुकृसंतों में कुछ बहुत फर्क नहीं है। तुम्हारे भिखमंगे में और तुम्हारे साधुकृसंतों में इतना ही फर्क है कि भिखमंगे गरीब और साधुकृसंत थोड़े सुशिक्षित, थोड़े सुसंस्कृत। भिखमंगे थोड़े दीनकृहीन, और तुम्हारे साधुकृसंत तुम्हारा शोषण करने में ज्यादा कुशल हैं।' – ओशो

## आप भी जानिए एलोवेरा के 4 जबरदस्त घरेलू इस्तेमाल

1. एलोवेरा में 18 धातु, 15 एमीनो एसिड और 12 विटामिन मौजूद होते हैं। इसकी तासीर गर्म होती हैं। यह खाने में बहुत पौष्टिक होता है। इसका सेवन उतना ही लाभप्रद होता है जितना की इसे बहारी त्वचा पर लगाना। इसकी कांटेदार पत्तियों को छीलकर एवं काटकर रस निकाला जाता है। अगर 3–4 चम्मच रस सुबह खाली पेट ले लिया जाए तो दिन-भर शरीर में शक्ति व चुस्ती-स्फूर्ति बनी रहती है।
2. एलोवेरा में एंटी बैक्टेरिया और एंटी फंगल गुण होते है। इस वजह से छोटी-मोटी चोट, जलने-कटने पर व किसी कीड़े के काटने पर इसके जेल को प्रभावित जगह पर लगाया जा सकता है।
3. एलोवेरा खून में शर्करा के स्तर को बनाए रखता है। बवासीर, डायबिटीज, गर्भाशय के रोग, पेट की खराबी, जोड़ों का दर्द व फटी एडियों के लिए यह लाभप्रद है।
4. एलोवेरा का सेवन खून की कमी को भी दूर करता है और शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

## महिला जो अकेली है और उसे रात 10 बजे से सूबह 6 बजे के बीच घर जाने के लिए सुविधा

पुलिस ने एक मुफ्त यात्रा योजना शुरू की है, जहां कोई भी महिला जो अकेली है और उसे रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच घर जाने के लिए वाहन नहीं मिल रहा हो , वह पुलिस हेल्पलाइन नंबर (1091 और 7837018555) पर संपर्क कर सकती है और वाहन का अनुरोध कर सकती है। वे 24x7 घंटे काम करेंगे. कंट्रोल रूम का वाहन या नजदीकी पीसीआर वाहनध्एसएचओ वाहन उसे





सुरक्षित उसके गंतव्य तक पहुंचाएगा. यह नि:शुल्क किया जाएगा। इस संदेश को अपने जानने वाले सभी लोगों तक पहुंचाएं।
अपनी पत्नी, बेटियों, बहनों, माताओं, दोस्तों और उन सभी महिलाओं को नंबर भेजें जिन्हें आप जानते हैं .. उन्हें इसे सहेजने के लिए कहें .. सभी पुरुष कृपया उन सभी महिलाओं के साथ साझा करें जिन्हें आप जानते हैं३।
आपातकालीन स्थिति में महिलाएं खाली संदेश या मिस्ड कॉल कर सकती हैं .. ताकि पुलिस आपका स्थान ढूंढ सके और आपकी मदद कर सके
– पूरे भारत में लागू

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिचय पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है। जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी।वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं
(कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## हे कलाम! प्रणाम तुमको!

हे कलाम ! तुमको प्रणाम !
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !!
श्रद्धा-सुमन चरणो में अर्पित
पाकर तुमको हर सर गर्वित
खोकर तुमको सबजन चिंतित
छोटा कद पर विशिष्ठ पहचान !!
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !!
"मिसाइलमैन" का नाम कमाकर
"प्रथम नागरिक" का श्रेय पाकर
"पद्मअलंकरण" से भूषित होकर
तुम सच में "भारतरत्न" महान !!
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !!
बाल, युवा और प्रौढ़ हृदय पर
सब पर अपना स्थान बनाकर
और कर्मयोग का पाठ सिखाकर
जीवन को की नवदिशा प्रदान !!
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !



हे कलाम ! तुमको प्रणाम !!
यथार्थता पर यूँ कदम टिकाकर
आसमां से ऊँचा स्वप्न दिखाकर
सच करने का उत्साह दिलाकर
सपनो को दी फिर नयी उड़ान !!
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !!
तुम युगपुरुष, तुम युगदृष्टा
लगन, कर्मठता और है निष्ठा
अस्सीम सेवाएं अपनी देकर
देश को दिया नया आयाम !!
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !
हे कलाम ! तुमको प्रणाम !!
– अखिल मिश्रा

## अपने आप को रखना संभालकर ....

उसकी आदत मेरी जरूरत सी लगतीं है
ना कुछ कह पाने की बंदिश में भी वो सब कह जाती है...
ख़ामियों के ढ़ेर में भी वो अक्सर, मेरे ख़ूबियों की सुई ढूँढ़ा करती है ।
मेरे और दरिंदिग्यों में मिले जख्मों को वो अपने आँसुओं में छुपाया करती है...
मेरे संभल कर पुछने पर उन चोटों कि जिक्र वो अक्सर भूला दिया करतीं है..
तुम्हें बताना चाहता हुँ तुम्हारी आँखों में, मेरे अक्स कि नजरों को झाँक नहि पाता
हल्क़ में अटकी बेचैनियों को तुमसे छुपा नहि पाता !
जवाब ना मिलने पर ख़ुद को आइने के साथ खड़ा रख़कर झुनझलाता हुआ ये सवाल करता हूँ आखरी क्यूँ .... मैं अधूरा किस्सा अधूरी सवाल हुँ वो पास होते हुए भी मैं ख़ुद में हीं अनसुलझा एक जवाब हुँ...।।
अपना सारा चौन – सुख खो़कर भी वो मेरे साथ है मेरे पास है..।
मैं तो इसलिए भी ख़ुश हुँ की मैं हार गया..... हाँ, मैं हार गया ।।
टूट गया मैं, सर झुकायें – पलकें भिंगोये मैं कहता हुँ की मेरे सपने, मेरे ख्वाब उन तमाम ख्वाहिशो का तालुक्क वो ख़ुद में जोड़ जाती है... इन सारे सवालों के जख्म लिये उसकी तरफ भागता हुँ रोता हुआ उससे लिपटकर मैं बच्चों कि तरह सो जाया करता हूँ...। वो मेरे माथे को चुमकर एक ख्वाब लाया करती है उन सारे अधूरे सवालों का जिक्र मेरे ख्वाबों में कर जाया करती है ॥
अब तो तन्हाई के शब्दों से भी डर सा जाता हुँ ख़ुदा कि अज्मत रही होंगी उसपर फ़ितूर उल्फत तक़ इनायत रखने की उनसे दुआ करता हूँ ।। – आदित्य मेहता

## चुटकुले भी इशारा है

एक जमाना था, जब मोबाइल गिरता था,
तो बैटरी बाहर आ जाती थी!
अब मोबाइल गिरता है,
तो कलेजा, फेफड़े, लिवर
किडनी सब बाहर आ जातें हैं।

पत्नी: "अगर मैं खो गयी तो तुम क्या करोगे ?"
पति: "मैं अखबार में इश्तिहार दूंगा ।"
पत्नी: "तुम कितने अच्छे हो, क्या लिखोगे ?
पति: "जिसको मिले उसकी।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



+HEALTH+
स्वास्थ्य संबन्धित जानकारियां और विभिन्न रोगों के उपचार विज्ञापन के हेतू आवश्यकता/उपलब्धता

# सम्पादकीय



## राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन कर्मो को 40 प्रतिशत जोखिम भत्ता आपदा प्रबन्धन एवं अन्य स्तर के जोखिम कार्यो हेतू भत्ता हो

राज्य आपदा मोचन बल ( एन डी आर एफ) बचाव कर्मियों द्वारा अपने दायित्व निर्वहन करने के अभियानों में रहने वाली जोखिम को दृष्टिगत रखते हुए उनके लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को गति दिनों भारत सरकार ने मंजूरी दी है।

यह जानकारी गत दिनो केन्द्रीय गृहमंत्री अमितशाह द्वारा जानकारी दी गई। सरकार के इस फेसले से एन डी आर एफ के सभी १६ हजार कर्मो लाभन्वित होगें। इस बल की यह लम्बे समय से


आपके मन की बात! व्यक्तिगत भी व्यवसाय भी

YouTube पर लाइव रहें!

आर.आर. एडवरटाईजिंग सर्विसिस (ऑल मीडिया)

श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ– 250001

rras2012@gmail.com, 9219660359

सहयोगी: श्रम शिखर हिन्दी साप्ताहिक ई–पेपर पाने के लिए ई–पेपर लिखकर 9219660359 पर व्हाट्सऐप या एसएमएस करें और लिंक पाए।

यूट्यूब श्रम शिखर पर कार्यक्रम उपलब्ध



समाचार पत्रों की सुर्खियां थी कि पहली अक्टुबर से फूड एक्ट के कई नियम सख्ती से लागू होगें। बिल बुक पर डालना होगा एफ एसए आई नम्बर एंव मिठाई की दुकानों पर दुकानदारो को मिठाईयों की एक्सपायरी डेट उल्लेखित करनी होगी।


यह निर्देश खाद्य सुरक्षा अभिदृीत अधिकारी की ओर से जारी होने की बात कही गई थी। इसके साथ ही खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता को सुधारने के लिए उनके मानको का तय किया जा रहा है। यह कहा गया बिल बुक पर एफ एम एकए


श्रम शिखर द्वारा प्रकाशित विभिन्न क्षेत्रों में जांच करने व जनता के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मिठाई की एक्यपायरी डेट व बिल बुक पर एफ एस एमए आई का उल्लेख अधिकाशंत देखने में नही आ रहा है।


रिफाइंड तेल के इस्तेमाल का तीन बार से अधिक इस्तेमाल भी रोके नही रूक रहा है। इस संबंध में दुकानदारों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की अनदेखी बिल बुक पर उल्लेख व एक्सपायरी डेट की हो रही है।

उपभोक्ताओं का आरोप है की खाद्य सुरक्षा विभाग का भष्टाचार कार्य संस्कृति जनता के स्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़, करा रहा है। इस विभाग को कानून व्यवस्था पर नियन्त्रण करने वाली योगी सरकार नियन्त्रण करने में असमर्थ दिख रही है यह आश्चर्य की बात है। उपभोक्ताओं का यह भी मत है कि खाद्य सुरक्षा विभाग ऑनलाइन शिकायतों सुनने की व्यवस्था करें। – श्रम शिखर ब्यरो








सद्भावना प्रकाशन (सद्भावना समिति पंजी0), श्रीकृष्ण भवन, 283 वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। मो. 9219660359, **CHAWLA BOOK DEPOT** 194/24, Delhi Road, Opp. Bus Stand, Meerut. Mob :- 0121-2661646, 2656215, 4057122, Em- cbdmeerut@gmail.com, **सोहराब बुक डिपो** मेरठ। मो. 9997135794, **गुप्ता बुक सैन्टर** चौपला रेलवे रोड, मेरठ शहर। मो. 0121–4002623, **चौहान बुक डिपो** आर.जी. डिग्री कॉलेज के सामने, मेरठ। मो. 9219343421, 9897702011, **मास्टरमाइन्ड बुक डिपो** आदित्य पैलेस, तेजगढ़ी गढ़ रोड, मेरठ। मो. 9634788396, 0121–2769198, **आरती बुक गैल्री** आर.जी. डिग्री कॉलेज मेरठ। मो. 9997375735, **गर्ग बुक सेन्टर** निकट, आर.जी. डिग्री कॉलेज, के सामने, वैस्टर्न कचहरी, मेरठ। मो. 9927312765, 8430226686, **मेरठ बुक सेन्टर** गढ बस स्टैण्ड के सामने, मेरठ। मो. 9411446555, 9411262227, **विशाल बुक डिपो** शिव चौक, आर.जी. डिग्री कॉलेज मेरठ। मो. 8881806568, 888180570, **VISHU PUBLICATIONS** Opp. R.G. (P.G.) College W.K. Road, Meerut. Mob :- 9358936616, 9927029396, **BHARAT BOOK CENTER** Railway Road Chowk, Meerut. M. 0121-2523948, 7895343507, **VIJAY BOOKS & STATIONERS** D.N. College Chaupla Railway Road, Meerut. M. 9837309541, **RAGHUNATH BOOK CENTER** R.G. (P.G.) College W.K. Road, Meerut. Mob :- 9897862862, **TIRANGA BOOK CENTER** 6-E Aditya Palace, Tejgarhi, Garh Road, Meerut. spchaudhary2009@gmail.com Mob :- 9719216468, **BOOK CORNER HOUSE OF GENERAL BOOKS** 187, Abu Lane Meerut. Cantt.Mob :- 0121-2660121, **जनता बुक स्टाल** 194 / 36 रोडवेज के सामने दिल्ली रोड मेरठ। मो. 9758322102, **चन्द्रा ट्रेडर्स** शिवलोक निकट आर.जी इन्टर कॉलेज चिपी टेंक मेरठ। मो. 9634241001, **अश्वनि बुक डिपो** 229, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। **निम्बस बुक डिपो** आर.जी कॉलेज रोड़ मेरठ।, **आर.लाल बुक डिपो** निकट गवर्नमेंट कॉलेज मेरठ। **स्वलंस बुक डिपो** गवर्नमेंट कॉलेज मेरठ। **गर्ग बुक डिपो** पताः 536, लालकुर्ती, बड़ा बाजार, मेरठ कैन्ट। मो. 9690121207, 7417995544 **JITENDRA AGGARWAL VARIETY BOOK DEPOT** 21, Shri Ram Plaza, Roorkee Road, Meerut Cantt. 9411822446



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

E-Paper :shramshikhar.com

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2022.2024 RNI No.UPHIN /2009/31760

साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359

प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736

प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359

बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365

इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359

संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164

कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549

मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449, वरिष्ठ नागरिक संयोजक श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430

उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92 202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

**श्रमशिखर कार्यालय**

**मेरठ–श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद–(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905) दिल्ली–राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 हरियाणा– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर–विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 दिल्ली– Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065 श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5,पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन9335208218, मुम्बई–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049**

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ

153-2022-2024 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।

सम्पादकः सुनिता रानी

प्रबन्धकः राकेश गुप्ता

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अन्र्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।



इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL

वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता

